हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 23 जनवरी 2026
भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर



# सुपेला अस्पताल का नशा मुक्ति केंद्र आइसोलेशन वार्ड में शिफ्ट, मरीजों को राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

अलग खबर

सुपेला स्थित लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में संचालित नशा मुक्ति केन्द्र ओएसटी सेंटर को अब उसी अस्पताल के 10 बिस्तरों वाले आइसोलेशन वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया है। इस बदलाव के बाद ओपीडी में इलाज कराने आने वाले सामान्य मरीजों को असुरक्षा की भावना से राहत मिलने की उम्मीद है। गौरतलब है कि अस्पताल परिसर में चल रहे ओएसटी नशा मुक्ति केन्द्र के कारण यहां नशेड़ियों और असामाजिक तत्वों की लगातार मौजूदगी बनी रहती थी। इसका सीधा असर मरीजों और अस्पताल स्टाफ पर पड़ रहा था। आए दिन विवाद, बहस और तनाव की स्थिति बनती थी, जिससे सामान्य उपचार व्यवस्था भी प्रभावित हो रही थी। लंबे समय से नशा मुक्ति केन्द्र को किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने की मांग की जा रही थी। स्थानीय लोगों और अस्पताल स्टाफ का कहना था कि कलेक्टर के आदेश के बावजूद इसे दूसरी जगह शिफ्ट नहीं किया जा रहा था। अब आइसोलेशन वार्ड में स्थानांतरण के बाद अस्पताल की व्यवस्था में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है। नशा मुक्ति केन्द्र के स्थानांतरण से अस्पताल स्टाफ ने राहत की सांस ली है। उनका कहना है कि इससे ओपीडी में शांति बनी रहेगी और मरीज बिना डर के इलाज के लिए अस्पताल आ सकेंगे।

### लगा कैमरा दूसरे दिन ही गायब, थाने में भी नहीं हुई शिकायत

सुपेला स्थित लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में शिफ्ट किए गए नशामुक्ति केन्द्र की निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था पर अब गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। अस्पताल परिसर में बने 10 बिस्तरों वाले आइसोलेशन वार्ड में संचालित ओएसटी सेंटर की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरा लगाया गया था, लेकिन हैरानी की बात यह है कि कैमरा लगाने के एक दिन बाद ही चोरी हो गया। सूत्रों के अनुसार कैमरा चोरी होने के बाद थाने में इसकी कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई। इसके बाद अस्पताल प्रबंधन द्वारा दूसरा सीसीटीवी कैमरा लगाया गया, लेकिन पहले कैमरे की चोरी को लेकर कोई आधिकारिक कार्रवाई सामने नहीं आई।

### लंबे विवाद के बाद लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में बदली व्यवस्था




### नए कैमरे लगे

ओएसटी सेंटर के सुरक्षा को लेकर लगाए गए सीसीटीवी कैमरा चोरी हो गई थी। जानकारी के बाद नया सीसीटीवी कैमरा लगा दिया गया है। सीसीटीवी किसने हटाया इसकी जांच की जा रही है।

**डॉ. पीयाम सिंह,** अस्पताल अधीक्षक

## खबर संक्षेप



### चाइनीज मांझा की बिक्री पर दुकानदार पर जुर्माना

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम दुर्ग आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर प्रतिबंधित चाइनीज मांझा की बिक्री पर फिर सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में वार्ड 10 में जांच एवं निरीक्षण अभियान चलाया गया। मौके पर ही संबंधित दुकान संचालक से 3000 का जुर्माना वसूल किया गया। चाइनीज मांझा से जनहानि एवं पशु-पक्षियों को गंभीर नुकसान पहुंचता है, जिसे देखते हुए इसकी बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आगे भी कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

### रबी फसल का पंजीयन 31 जनवरी तक

**दुर्ग।** छग राज्य बीज एवं कृषि वि.नि.लि. द्वारा खरीफ 2025 में उत्पादित कच्चा बीजों का आज दिनांक तक 307 कृषकों से 38111.84 बीज का उपार्जन कराया जा चुका है। शेष पंजीकृत कृषकों से बीज उपार्जन के लिए कृषि विभाग एवं बीज निगम द्वारा संयुक्त रूप से पंजीकृत कृषकों से संपर्क किया जा रहा है। बीज प्रबंधक एस. के. बेहरा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अभी तक 128 कृषकों को अग्रिम राशि रू. 2,75,58,350 करोड़ का भुगतान बीज निगम द्वारा किया जा चुका है तथा शेष 179 कृषकों को भुगतान आगामी सप्ताह तक किए जाने की प्रक्रिया जारी है। इसी प्रकार जिले के लिए 1744 हेक्टेयर रबी फसलों के पंजीयन का लक्ष्य रखा गया है। वर्तमान में 1493 हेक्टेयर विभिन्न रबी फसलों के आवेदन प्राप्त हो चुके है, शेष रकबा 251 हेक्टेयर के आवेदन प्राप्ति उपरान्त साथी पोर्टल के माध्यम से पंजीयन प्रक्रिया किया जाना है। जिसमें कि कुल 28 बिन्दुओं का उल्लेख आवश्यक है इसलिए समय पूर्व आवेदन प्राप्त करने हेतु कृषि विभाग एवं बीज निगम स्तर से प्रयास जारी है।

### मारपीट के मामले में फरार आरोपी दबोचा गया, मचा हड़कंप

# कॉम्बिंग गश्त में 50 से अधिक असामाजिक तत्वों की होगी जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने एवं असामाजिक तत्वों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु पुलिस द्वारा शहर के विभिन्न थाना क्षेत्रों में व्यापक कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाया गया। इस दौरान पचास से अधिक असामाजिक तत्वों की जांच की गई। जिससे हड़कंप मचा रहा।

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र नायक के मार्गदर्शन में पुलिस बल को आवश्यक ब्रीफिंग कर पुलिस की 4 अलग-अलग टीमों का गठन किया गया।

उक्त कॉम्बिंग गश्त में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र नायक, नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन, डीएसपी मंजूलता बाज, उप पुलिस अधीक्षक अजाक केपी मरकाम, नगर पुलिस अधीक्षक एलेक्जेंड किरो सहित सभी संबंधित थाना एवं चौकी प्रभारी अपने-अपने दल-बल के साथ उपस्थित रहे। पुलिस के अनुसार इस प्रकार की कॉम्बिंग गश्त आगे भी निरंतर जारी रखी जाएगी। जिससे आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना बनी रहे एवं अपराधियों में भय का माहौल कायम हो।



### देर रात ना घूमने की हिदायत

साथ ही पूर्व में अपराध में संलिप्त नाबालिग बालकों के घर जाकर उनके माता-पिता को बच्चों को रात्रि में बाहर न घूमने देने की समझाइश दी गई। देर रात्रि तक सार्वजनिक एवं सूनसान स्थानों पर अलाव जलाकर नशे की हालत में बैठे व्यक्तियों को चेक कर उन्हें अपने-अपने घर जाने एवं देर रात बाहर न घूमने की हिदायत दी गई। कॉम्बिंग गश्त के दौरान चौकी चिखली के धारा 296, 115(2), 351(2), 119(1) बीएनएस के फरार आरोपी धर्मेंद्र तलकई 23 वर्ष निवासी स्टेशनपारा को धरदबोचा गया।

### अपराधियों की बन रही कुंडली

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिले में आदतन अपराध से जुड़े लोगों की कुंडली तैयार की जा रही है। बताया गया कि एसपी अंकिता शर्मा के निर्देश पर सभी थानेदार अपने क्षेत्र के ऐसे लोगों की जानकारी तैयार कर एसपी कार्यालय को उपलब्ध करा रहे है, तो लंबे समय से अपराध की दुनिया में शामिल है। बताया गया कि जिले में नामचीन अपराधियों के खिलाफ सख्त एक्शन लिया जा सकता है। जिससे जिले में जारी अपराध के ग्राफ पर अंकुश लगाया जा सकें। इसके अलावा चाकूबाजी की घटनाओं पर रोकथाम के लिए ऑनलाइन मंगाए जाने वाले चाकूओं पर भी निगरानी रखी जा रही है।

### नागरिक सहकारी बैंक

# संचालक मंडल के 12 पदों के लिए 14 फरवरी को मतदान, 3 से नामांकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित दुर्ग के 12 संचालक मंडल सदस्य पद (डायरेक्टर) के लिए 14 फरवरी को चुनाव होंगे। चुनाव में कुल 96 नवनिर्वाचित प्रत्यायुक्त सदस्य मतदान करेंगे।

मतदान उपरांत एक घंटे पश्चात मतगणना की जाएगी और उसी दिन परिणाम घोषित किए जाएंगे। मतदान की पूरी प्रक्रिया श्री गुर्जर क्षत्रिय गुजराती समाज भवन मोतीपारा में पूरी की जाएगी। मतदान के लिए सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे का समय निर्धारित किया गया है। बैंक के संचालक मंडल सदस्यों के प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव के लिए यह चुनावी कार्यक्रम रिटर्निंग अधिकारी देवाशीष दास द्वारा गुरुवार को जारी किया गया है। इस चुनाव का जनप्रतिनिधियों के अलावा सहकारिता से जुड़े लोगों, व्यवसायियों व बैंक के सदस्यों को बेसब्री से इंतजार था, लिहाजा चुनावी कार्यक्रम जारी होते ही संचालक मंडल सदस्यों के चुनाव के लिए सरगर्मी तेज हो गई है। राज्य सहकारी निर्वाचन आयोग रायपुर (छग) के आदेश के अनुपालन में नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित के रिटर्निंग अधिकारी देवाशीष दास द्वारा जारी चुनावी कार्यक्रम अनुसार संचालक मंडल सदस्यों के चुनाव के लिए 3 फरवरी से नामांकन प्रक्रिया की शुरुआत होगी। 3 फरवरी को अभ्यर्थी दोपहर 12 बजे से दोपहर 3 बजे के बीच नामांकन पत्र जमा कर सकेंगे। 4 फरवरी को शाम 4 बजे से प्राप्त नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। जिसके उपरांत वैध नामांकन पत्रों की सूची का प्रकाशन किया जाएगा। नामांकन पत्रों की वापसी के लिए 5 फरवरी की तिथि निर्धारित की गई। अभ्यर्थी सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे के बीच अपना नामांकन वापस ले सकेंगे। नामांकन वापसी की प्रक्रिया समाप्ति उपरांत अभ्यर्थियों की अंतिम सूची और उन्हें चुनाव चिन्ह का आबंटन किया जाएगा। नामांकन की प्रक्रिया बैंक मुख्यालय अस्पताल वार्ड पचरीपारा में पूरी की जाएगी। मतदान की स्थिति निर्मित होने पर 14 फरवरी को मतदान की प्रक्रिया पूरी करवाई जाएगी और इसी दिन परिणाम घोषित किए जाएंगे। रिटर्निंग अधिकारी देवाशीष दास ने बताया कि बैंक के कुल 12 संचालक मंडल सदस्य पद हेतु चुनाव होंगे।

जिसमें से 10 पद सामान्य वर्ग (अनारक्षित) के लिए है। इनमें 2 पद महिला वर्ग और 2 पद सनदी लेखाकार (चार्टर्ड एकाउंटेंट) के लिए आरक्षित होंगे। इसके अलावा 1-1 पद अन्य पिछड़ा वर्ग और अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित किए गए है। रिटर्निंग अधिकारी देवाशीष दास ने बताया कि संचालक मंडल सदस्यों के अलावा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं अन्य सोसायटियों के प्रतिनिधियों व अन्य पदाधिकारियों के निर्वाचन की सूचना 16 फरवरी को जारी किया जाएगा। इन पदों पर निर्वाचन की प्रक्रिया 20 फरवरी को शाम 4 बजे से बैंक मुख्यालय अस्पताल वार्ड पचरीपारा में पूरी की जाएगी।



■ 96 नवनिर्वाचित प्रत्यायुक्त करेंगे मतदान

### कार्रवाई

## निगम के कुर्की दल ने 1.38 लाख रुपये वसूले

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा निगम की वित्तीय स्थिति में सुधार लाने लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में निगम का कुर्की दल ने गुरूवार को जोन क्रमांक- 2 वैशाली नगर अंतर्गत 1,03,506.00 लाख एवं 5 क्षेत्र के बकायादारों से 23,137.00 तथा सड़क बाधा शुल्क 6,000 इस प्रकार कुल 1.38 लाख रूपये वसूल किये है। नगर निगम भिलाई क्षेत्र के बकायादारों से संपत्तिकर की लंबित राशि की वसूली हेतु कुर्की दल बकायादारों से डोर-टू-डोर संपर्क कर रहे हैं। कुर्की दल द्वारा बकायादारों को समझाया जा रहा है कि मौके पर ही अपने भवन अथवा भूमि का बकाया संपत्तिकर की राशि भुगतान कर दें। अन्यथा संपत्ति कुर्की कर बकाया राशि वसूल किया जाएगा। कुर्की से बचने भूमि अथवा भवन स्वामी मौके पर ही राशि 1,38,643.00 रूपये जमा किये है। नगर निगम भिलाई द्वारा नागरिको से अपील किया गया है कि अपने बकाया संपत्तिकर की राशि जल्द ही निगम कोष में जमा कर दें, अन्यथा की स्थिति में संपत्ति को कुर्की कर राशि वसूल किया जायेगा। जिसकी जवाबदारी भवन, भूमि स्वामी के स्वयं की होगी।

### धमधा पुलिस की कार्रवाई

## अवैध शराब बिक्री करते दो आरोपी रंगे हाथ पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

धमधा पुलिस ने अवैध शराब बिक्री करते हुए दो आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ा है। आरोपियों के कब्जे से 30 पौवा अंग्रेजी शराब और बिक्री की नगदी रकम जब्त की गई। आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा दिया गया है। जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम रौंदा चौक, ग्रीन होटल के पीछे कुछ व्यक्ति अवैध रूप से शराब की बिक्री कर रहे हैं। सूचना पर थाना धमधा पुलिस द्वारा तत्काल दबिश दी गई। इस दौरान आरोपी हिरेंद्र कुर्रे उम्र 32 वर्ष के कब्जे से 2 पौवा शराब और आशीष कुर्रे उम्र 20 वर्ष के कब्जे से कपड़े के थैले में रखे 28 पौवा जम्मू व्हिस्की अंग्रेजी शराब जब्त की गई। जब्त शराब की कीमत करीब 3600 रुपए आंकी गई है। वहीं शराब बिक्री रकम 360 रुपए भी पुलिस ने जब्त किया है।



■ 30 पौवा अंग्रेजी शराब और बिक्री की नगदी रकम जब्त

### दुर्ग और हटिया के बीच चलेगी नई स्पेशल ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

दुर्ग -हटिया-दुर्ग के मध्य चल रही स्पेशल ट्रेन के परिचालन में विस्तार किया गया है। यह गाड़ी 08185 और 08186 हटिया-दुर्ग-हटिया द्वि-साप्ताहिक स्पेशल की सुविधा 30 जनवरी तक मिलेगी, जिसके परिचालन में 08 फेरों का विस्तार 27 फरवरी तक किया गया है। 08185 हटिया-दुर्ग द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन (प्रत्येक मंगलवार एवं गुरुवार) का परिचालन 3 से 26 फरवरी, 2026 तक विस्तार किया गया है। इसी प्रकार विपरीत दिशा में भी 08186 दुर्ग-हटिया द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन (प्रत्येक बुधवार एवं शुक्रवार) का परिचालन 4 से 27 फरवरी, 2026 तक विस्तार किया गया है।

## शंकराचार्य को शाही स्नान से रोकना गलत, कांग्रेस का विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण, दुर्ग शहर एवं भिलाई नगर ने संयुक्त रूप से प्रयागराज माघ मेले में जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी को शाही स्नान से रोके जाने, उनके साथ हुए दुर्व्यवहार तथा उनके शिष्यों पर हुए अमानवीय व्यवहार की कड़ी निंदा की है।

कांग्रेस ने इसे भाजपा सरकार का हिंदू विरोधी और सनातन परंपराओं के प्रति असंवेदनशील चरित्र करार दिया है। जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर, दुर्ग शहर जिलाध्यक्ष धीरज बाकलीवाल व भिलाई नगर जिलाध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने संयुक्त रूप से कहा कि खुद को हिंदुओं का सबसे बड़ा हितैषी बताने वाली भाजपा सरकार आज हिंदू धर्म के सर्वोच्च पीठाधीशों में से एक शंकराचार्य का अपमान कर रही है। हालात यह हैं कि शंकराचार्य को अपनी सुरक्षा को लेकर गंभीर आशंका है और वे पिछले 36 घंटे से अनशन पर बैठे हैं, लेकिन केंद्र और उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार ने अब तक उनसे संवाद करने का कोई प्रयास नहीं किया है। यह न केवल एक संत का अपमान है, बल्कि सनातन धर्म की सदियों पुरानी परंपराओं का भी अपमान है। शंकराचार्य पिछले 40 वर्षों से नियमित रूप से शाही स्नान करते आ रहे हैं।

### सीनियर क्रिकेट के लिए बीएसपी टीम का चयन

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ द्वारा के अंतर्गत आयोजित की जाने वाली सीनियर क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने भिलाई इस्पात संयंत्र की टीम के गठन के लिए चयन स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है चयन स्पर्धा क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग के तत्वावधान में दिनांक 27 जनवरी दोपहर 2 बजे से बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड, सिविक सेंटर में आयोजित की जाएगी। संयंत्रकर्मियों के पाल्य (वार्ड) एवं भिलाई परिधीय क्षेत्र के इच्छुक खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। प्रभारी उप प्रबंधक अभिजीत भौमिक होंगे।

### विश्व पुस्तक मेले में लोकबाबू के उपन्यास का लोकार्पण



**भिलाई।** प्रसिद्ध कथाकार लोकबाबू के उपन्यास सूरज जहां डूबता है का लोकार्पण दिल्ली में आयोजित विश्व पुस्तक मेले में हुआ। शायर रहमान मुसव्विर, चिंतक और संपादक रविकांत, आलोचक हिमांशु पंड्या तथा समीक्षक पल्लव ने विमोचन किया।कौटिल्य बुक्स के प्रबंधक पल्लव ने लोकबाबू का उपन्यास छत्तीसगढ़ के स्थानीय जीवन और मार्मिक प्रेम प्रसंग सम्मिलित हैं। साहित्यकर हिमांशु, चिंतक रविकांत वहिमांशु पंड्या ने उपन्यास को पठनीय बताया। हंस प्रकाशन के स्टाल मे हुए कार्यक्रम में हरेंद्र तिवारी ने आभार प्रदर्शित किया।

### आम सूचना

मेरे पक्षकार जितेन्द्र जायसवाल पिता स्व. रामभजन जायसवाल, उम्र 45 वर्ष, निवासी-मकान नं.-4095, अलोक नगर, मुसाखेड़ी इंदौर, जिला-इंदौर (म.प्र.) मोबा. नं. -8319923831 के द्वारा प्राप्त अधिकारों एवं अनुदेशों के आधार पर सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के पिता स्व. राम भजन जायसवाल ने अपनी पत्नी अर्थात् मेरी पक्षकार की माँ श्रीमती कलावती जायसवाल के नाम पर सम्पत्ति मौजा चरोदा, प.ह.नं.-09, रा.नि.मं. - चरोदा, तहसील-भिलाई-03, जिला-दुर्ग (छ.ग.) खसरा नंबर-300/87 रकबा 0.030 हे. को क्रय किया था लेकिन उस वक्त मेरे पक्षकार नाबालिग था और मेरे पक्षकार के पिता ने अपने जीवनकाल में उसे बताया था कि उक्त सम्पत्ति उन्होने श्रीमती कलावती के नाम पर इसलिये क्रय की है कि उनके वारिसानो के बालिग होने पर सम्पत्ति उनके नाम पर करा देगी या उक्त सम्पत्ति को विक्रय कर उनके सभी वारिसानों में बराबर हिस्सा बांट देगी लेकिन श्रीमती कलावती देवी ने मेरे पक्षकार की जानकारी एवं सहमति के बिना उक्त सम्पत्ति को विक्रय करने का करार दिनांक-06.11.2025 को अश्वनी सिंह से किया था जिसकी जानकारी होने पर मेरे पक्षकार ने उपरोक्त सम्पत्ति को क्रय-विक्रय पर रोक लगाये जाने के लिये श्रीमान् तहसीलदार महोदय भिलाई-03, श्रीमान् उपपंजीयक कार्यालय दुर्ग एवं हल्का पटवारी के समक्ष लिखित आपत्ति प्रस्तुत की है और पृथक से अपने अधिवक्ता के माध्यम से विधिक नोटिस भी प्रेषित करवायी जा रही है इसके बाद भी उक्त विवादित सम्पत्ति को अश्वनी सिंह एवं अन्य किसी व्यक्ति के द्वारा क्रय-विक्रय किया जाता है, तो उसकी संपूर्ण जवाबदारी उस व्यक्ति की होगी जो उसे क्रय करेगा इसलिये सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त भूमि के संबंध में कोई व्यक्ति, संस्था, शासकीय, अर्धशासकीय विभाग द्वारा हस्ताक्षेप से विरत रहे उक्त भूमि के संबंध में कोई सौदा लेन-देन, कर्जा या बंधक अवैध एवं शुन्य माना जावेगा।

अतः सूचना जाने।

दुर्ग
दिनांक-22.01.2026

भवदीय
अजीत सिंह राजपूत
अधिवक्ता
जिला न्यायालय दुर्ग (छ.ग.)
मो.-93290-23442

### न्यायालय आयुक्त, दुर्ग संभाग, दुर्ग (छ.ग.)

**//सूचना//**

**मामले का विषय-अपील प्रकरण**
**मामला का क्रमांक-63/अ-68/वर्ष 2024-25**
**पक्षकार-प्रेमप्रकाश यादव विरूद्ध श्रीमती मधु देवी वगैरह**

1. श्रीमती मधु देवी पति शैलेन्द्र सिंह
2. श्रीमती स्वरूपा देवांगन पति विजय देवांगन
3. रूखमणी देवांगन पति पूरन देवांगन
4. अनिता बाई पति विनोद कुमार बोपचे
5. सुदामा साह पिता शिवजी साह
6. राकेश कुमार पाण्डेय पिता रामसागर पाण्डेय
7. मुकेश कुमार वर्मा पिता भूखन वर्मा
8. देवानंद साखरे पिता श्याम लाल साखरे
9. सीमा साहनी पति अशोक साहनी
10. जैमत साहू आ. बैजूराम साहू
11. कविता राजपूत पति राकेश राजपूत
12. उर्मिला शर्मा पति शशिरंजन शर्मा

सभी निवासी कुरूद तह. भिलाईनगर जिला-दुर्ग (छ.ग.) एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी प्रेमप्रकाश यादव आ. अवधनारायण यादव निवासी म. नं. 4 ए सड़क 13 सेक्टर 7 भिलाई नगर तह व जिला दुर्ग के द्वारा अधीनस्थ न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला-दुर्ग के रा.प्र.क्र. 202405100400141 अ-68 वर्ष 2023-24 में पारित आदेश दिनाक 30.09.2024 के विरूद्ध छ.ग.भू. रा. संहिता 1959 की धारा-44 (2) के तहत अपील प्रकरण प्रस्तुत किया गया है।

उपर्युक्त मामले की सुनवाई तिथि 12.03.2026 दिन-गुरूवार को दोपहर 11.30 बजे स्थान-न्यायालय आयुक्त, दुर्ग संभाग दुर्ग में होगी।

अतः सुनवाई तिथि में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। नियत सुनवाई तिथिमें उपस्थित नहीं होने पर एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

जारी दिनांक- 15.01.2026

(मुहर)

आयुक्त
दुर्ग संभाग, दुर्ग

### PUBLIC NOTICE FOR THE CHANGE OF NAME OF MINOR CHILD

**PUBLIC NOTICE**

I RAM DALAI HARI, Son of RAM DALAI ERANNA employed as Welder in the Salasar Tenco Engineering Limited, Bhilai, (C.G.) residing at House No. 271/K, Ward No. 35, Tarangini Nagar, Ganesh Mandir, Khursipar, Bhilai Tehsil - Durg, District - Durg, Chhattisgarh 490011 have changed the name of my minor daughter GAJINI NEHA aged 13 Years and she shall hereafter be known as RAMDALAINEHA.

It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

**Signature of guardian**
**Ram Dalai Hari**
**s/o Ram Dalai Eranna**

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक दुर्ग-1 (छ.ग.)

**// आम सूचना //**

**विषय :- सीमांकन बाबत् ।**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित है कि न्यायालय तहसीलदार दुर्ग नगर जिला दुर्ग के आदेश क्रमांक-Q तहसील दुर्ग दिनांक 08/01/26 के अनुसार आवेदक अनुप कुमार पाण्डेय पिता श्री जे.एन. पाण्डेय निवासी नेहरू नगर भिलाई द्वारा ग्राम खपरी पटवारी हलका नम्बर 13 तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नम्बर 28/24 रकबा 0.020 हे. भूमि का सीमांकन दिनांक 27/01/26 समय 11 से 5 बजे तक स्थल पर जाना है।

अतः कोई भी व्यक्ति या संस्था उक्त ख.नं. की भूमि में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से हित रखते हो तो अपने स्वतंत्र अर्जन के दस्तावेज नक्शा खसरा ले आउट तथा बयनामा की मूल प्रतिलिपि सहित मौके पर उपस्थित होकर दावा आपत्ति पेश कर सकते है । तत्पश्चात् आपत्ति विचारणीय नहीं होगी ।

दिनांक: 19/01/2026

राजस्व निरीक्षक
दुर्ग-1, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

### उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की प्राप्ति हेतु समन

(आदेश 5 के नियम 1 और 5)

न्यायालयः - (श्रीमती कामिनी जायसवाल)
तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, दुर्ग, छ.ग.

उत्तराधिकार प्रकरण क्र 08/26
प्रोसेस क्र. 30/26

श्रीमती रजनी साव एवं अन्य //बनाम //
भारतीय स्टेट बैंक एवं अन्य

प्रति,
आम जनता

जो कि आवेदक / गण (1) श्रीमती रजनी साव (2) ऐश्वर्य साव (3) अनमोल साव द्वारा मृतक राजेन्द्र कुमार साव आ. स्व. जनार्दन सिंह साव के नाम से अनावेदक भारतीय स्टेट बैंक भिलाई से.-1 (2) छत्तीसगढ़ सोसायटी भिलाई (3) आम जनता के यहां जमा राशि को प्राप्त किये जाने हेतु उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु इस न्यायालय में धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 के अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसके कारण आपको इस न्यायालय में पेशी दिनाक 26/02/2026 को प्रातः 11:00 बजे उक्त आवेदन का उत्तर देने के लिये उपस्थित होने के लिये समंस जारी किया जाता है।

आप इस न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपस्थित हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस आवेदन से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह भी निर्देश दिया जाता है आ,प उस दिन सभी दस्तावेजों को प्रस्तुत करें, जिस पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है।


यदि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नही होंगे तो आवेदन एवं दावे का निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

नोटः- यदि किसी कारणवश दी गई तारीख को किसी कारणवश अवकाश घोषित होता है या कार्य स्थगित होता है या पीठासन अधिकारी अवकाश पर चले जाते है तब प्रकरण की सुनवाई आगामी तिथि पर की जावेगी।

यह सूचना आज दिनाक 22/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

(मुहर)
न्यायालयः - (श्रीमती कामिनी जायसवाल)
तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, दुर्ग, छ.ग.







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130









# एससी के आदेश पर शहर में खुला डॉग फीडिंग जोन, कुत्तों को मिलेगा भोजन

## कहीं भी भोजन उपलब्ध कराने वालों पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

शहर में अब आवारा कुत्तों को खाना निर्धारित जगह पर ही खिलाना होगा। इसके लिए निगम जगह तय करेगा। अन्यत्र कहीं भी भोजन उपलब्ध कराए जाने और इसकी शिकायत मिलने पर संबंधित व्यक्ति पर कार्रवाई की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने इसे लेकर निर्देश जारी किए हैं। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अनुपालन में नगर निगम दुर्ग में यह कवायद शुरू की गई है। सभी 60 वार्डों में आवारा कुत्तों को भोजन उपलब्ध कराने हेतु डॉग फीडिंग ज़ोन का निर्माण किया गया है। नगर निगम प्रशासन का उद्देश्य शहर में मानव एवं पशु दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा आवारा कुत्तों को लेकर उत्पन्न होने वाली अप्रिय घटनाओं की रोकथाम करना है। इसके तहत प्रत्येक वार्ड में निर्धारित स्थानों पर डॉग फीडिंग प्वाइंट विकसित किए गए हैं।दुर्ग नगर निगम द्वारा समस्त शहरवासियों से अपील की गई है कि वे आवारा कुत्तों को केवल निर्धारित एवं निर्मित डॉग फीडिंग ज़ोन में ही भोजन कराएं, जिससे यातायात, राहगीरों एवं स्थानीय निवासियों को किसी प्रकार की असुविधा या दुर्घटना की आशंका न रहे।






### आदेश का उल्लंघन करने वालों पर होगी कानूनी कार्रवाई

अधिकारियों ने बताया कि नागरिक आवारा कुत्तों को केवल निर्धारित डॉग फीडिंग ज़ोन में ही भोजन कराएं, ताकि शहर में शांति, सुरक्षा एवं व्यवस्था बनी रहे। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग को जिम्मेदारी सौंपी गई है। स्वास्थ्य अमला ऐसे सारे लोगों पर नजर रखेगा। साथ ही इसकी सूचना उच्च अधिकारियों को देगा। आदेश का पालन नहीं करने पर कार्रवाई की जाएगी।

### हर वार्ड में बनाया गया फीडिंग जोन वहीं कराना होगा भोजन

नगर निगम द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया है कि निर्धारित डॉग फीडिंग ज़ोन के अतिरिक्त अन्य किसी भी स्थान पर आवारा कुत्तों को भोजन कराना प्रतिबंधित रहेगा। आदेश का उल्लंघन करते पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध नगर निगम अधिनियम के तहत जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में महापौर अलका बाघमार और आयुक्त सुमित अग्रवाल ने समस्त नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों का पालन करना सभी के लिए अनिवार्य है।

## बिना सहमति मरीज को किया था रेफर, एम्बुलेंस में नहीं था डॉक्टर

# महिला की मौत, श्रेया अस्पताल के प्रबंधक और डॉक्टर गिरफ्तार

### धमधा पुलिस ने न्यायालय में पेश कर की वैधानिक कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

धमधा थाना क्षेत्र में सामने आए चिकित्सकीय लापरवाही के गंभीर मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। श्रेया अस्पताल एंड डायग्नोस्टिक सेंटर, धमधा के प्रबंधक और एक डॉक्टर को महिला की मौत के मामले में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 106(1) और 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई की है। मामला 57 वर्षीय पदमाबाई वर्मा की मौत से जुड़ा है।

परिजनों के अनुसार 10 अक्टूबर 2025 की रात पदमाबाई अपने घर के आंगन में गिर गई थीं, जिससे उनके पैर में गंभीर चोट आई और वे चलने में असमर्थ हो गईं। अगले दिन 11 अक्टूबर को उन्हें इलाज के लिए श्रेया अस्पताल धमधा में भर्ती कराया गया। 13 अक्टूबर को अस्पताल में उनके पैर का ऑपरेशन किया गया।



परिजनों का आरोप है कि ऑपरेशन के बाद उनकी हालत लगातार बिगड़ती गई। 14 अक्टूबर को सांस तेज चलने और तबीयत गंभीर होने पर अस्पताल प्रबंधन ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। आरोप है कि रेफर करते समय न तो परिजनों की सहमति ली गई और न ही एम्बुलेंस में पर्याप्त चिकित्सकीय व्यवस्था मौजूद थी। परिजनों का कहना है कि एम्बुलेंस में डॉक्टर की मौजूदगी नहीं थी और उचित देखरेख के अभाव में रास्ते में ही पदमाबाई की हालत और बिगड़ गई। श्रेया अस्पताल के स्टाफ और एम्बुलेंस के जरिए उन्हें शंकराचार्य अस्पताल, जुनवानी ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

इसके बाद परिजनों ने धमधा थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए अस्पताल प्रबंधन और संबंधित डॉक्टर पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद पाया कि उपचार और रेफर प्रक्रिया में घोर लापरवाही बरती गई, जिसके कारण महिला की मृत्यु हुई। जांच में पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर श्रेया अस्पताल के प्रबंधक मनीष राजपूत और डॉक्टर अभिषेक पाण्डेय को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# रिसाली निगम विवाद : मेयर सहित एमआईसी सदस्यों ने प्रमुख सचिव से कहा-आयुक्त वर्मा को करें निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

रिसाली निगम में निगम आयुक्त व मेयर उनकी एमआईसी सदस्यों के बीच विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार को महापौर शशि सिन्हा और एमआईसी मेंबर नगरीय प्रशासन प्रमुख सचिव से मिले। मुख्य सचिव से निगम आयुक्त मोनिका वर्मा के खिलाफ तीन अलग-अलग मामलों की लिखित शिकायत की है। इन शिकायतों की जांच करने और नियम के उल्लंघन करने , वित्तीय अनियमितता बरतने जैसे गंभीर आरोप लगाया गया है। आयुक्त को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने की मांग रख दी है। एमआईसी सदस्यों में जहीर अब्बास, अनिल देशमुख, संजू नेताम, रोहित धनकर, ममता यादव, जमुना ठाकुर और रंजिता बेनुआ शामिल रहे।

## यह तीन प्रमुख गंभीर आरोप लगाए हैं निगम आयुक्त पर

### निगमायुक्त द्वारा धारा 97 का उल्लंघन

लिखित शिकायत के मुताबिक अधिनियम की धारा 97 के तहत 30 नवंबर तक बजट अनुमान प्रस्तुत करना निगमायुक्त का अनिवार्य वैधानिक दायित्व था। निगमायुक्त इसमें पूर्णतः विफल रही। स्थापित विधि सिद्धांत के अनुसार, बिना स्वीकृत बजट अनुमानों के कोई भी व्यय नहीं किया जा सकता। चूंकि वैधानिक समय-सीमा (30 नवंबर) बीत चुकी है। इसलिए 1 दिसम्बर से निगमायुक्त द्वारा किया गया समस्त व्यय, सरकारी खजाने से हुआ भुगतान और वित्तीय संव्यवहार पूर्णतः अवैध और शून्य है। बजट के बिना पैसा खर्च करना वित्तिय कदाचार की श्रेणी में आता है।

### बंद मोरिद जलाशय से अशुद्ध जल आपूर्ति

शिकायत में कहा गया है कि महापौर एवं महापौर परिषद के वीटीपी निरीक्षण में अत्यंत गंभीर विषय संज्ञान में आया। शहर की पेयजल व्यवस्था के मुख्य केंद्र मोरिद जलाशय 6 एमएलडी का केमिकल हाउस पिछले 3 वर्षों से बंद हाल में है। इस अवधि में प्लांट की आधुनिक नियंत्रण प्रणाली पीएलसी/एससीएडीए का उपयोग पूरी तरह बंद रखा गया। जनता को असुरक्षित मैन्युजल डोसिंग के माध्यम से जल प्रदाय किया जा रहा है। यह कृत्य छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की निम्नलिखित धाराओं का स्पष्ट उल्लंघन है। धारा 6 व धारा 220 एवं 221 जलप्रदाय हेतु स्वीकृत इजीनियरिंग मानकों और नियमन की घोर अवहेलना।

### तृतीय श्रेणी कर्मचारी को बनाया पर्यवेक्षक

आरोप है कि सलाहकार समिति के बैठक में धारा 48 का उल्लंघन निगमायुक्त ने एक तृतीय श्रेणी कर्मचारी को जिसका मूल पद स्वास्थ पर्वेक्षक है को सलाहकार समिति की सचिव के आसंदी पर बिठाया गया। यह कृत्य निर्वाचित सदन और राज्य शासन की संप्रभुता का जो अपमान किया है। निगमायुक्त द्वारा प्रशासनिक पतन का प्रमाण है। तत्काल पदस्थापना राज्य शासन द्वारा विधिवत आदेशित प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी को अविलंब विभाग का पूर्ण प्रभार सौचे। शासन के आदेश को नियमानुका द्वार दबाकर रखना धारा 54 एवं 419 के तहत विधिक विद्रोह है।






# आस्था और बीमारी का डर दिखाकर 13.82 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

आस्था और बीमारी का डर दिखाकर ठगी का एक गंभीर मामला सामने आया है। मां के इलाज और पूजा-पाठ के नाम पर ठगों ने एक दुकानदार से लाखों रुपये नकद और सोने के आभूषण हड़प लिए। इस मामले में छावनी पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ जांच शुरू कर दी है।

■ मां के इलाज और पूजा-पाठ के नाम पर लाखों, नकद और सोने के आभूषण हड़प लिए

सिंधी कॉलोनी निवासी प्रार्थी संजय अठवानी ने 21 जनवरी को छावनी थाना पहुंचकर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस को दिए बयान में संजय अठवानी ने बताया कि उनकी दुकान संजय सायकल स्टोर्स धमधा नाका दुर्ग में स्थित है। करीब 15 दिन पहले दो अज्ञात व्यक्ति उनकी दुकान पर साइकिल देखने के बहाने आए थे। बातचीत के दौरान उन्होंने मोबाइल नंबर लिया और अपना नाम राजू बताते हुए संपर्क में रहने की बात कही। कुछ दिनों बाद राजू ने फोन कर यह कहकर विश्वास में लिया कि उसे प्रार्थी की मां की तबीयत खराब होने की जानकारी है और पूजा-पाठ के जरिए इलाज संभव है। लगातार बातचीत के दौरान उसने मां के जल्द स्वस्थ होने की बात कहकर प्रार्थी को अपने जाल में फंसा लिया। 16 जनवरी 2026 को राजू ने प्रार्थी को पावर हाउस फल मार्केट के पास बुलाया। वहां उसके साथ एक महिला भी मौजूद थी। पूजा के नाम पर देवी मां को चढ़ाने के लिए एक नारियल और 1100 रुपये लिए गए। प्रार्थी को आरोपी ने रेलवे स्टेशन पावर हाउस, भिलाई के पास बुलाया। प्रार्थी अपनी कार क्रमांक सीजी-07 बीएस 0514 से वहां पहुंचा और अपनी मां के चार सोने के कंगन, प्रत्येक लगभग 15 ग्राम, कुल वजन करीब 60 ग्राम, अनुमानित कीमत करीब 5 लाख रुपये, साथ ही 8 लाख 82 हजार 300 रुपये नकद आरोपितों को सौंप दिए। आरोपितों ने कुल 13 लाख 82 हजार 300 रुपये की ठगी को अंजाम दिया। मामले में विवेचना जारी है।

## इतवारी-शालीमार हावड़ा के मध्य 26 से चलेगी स्पेशल ट्रेन, शेड्यूल जारी

**भिलाई।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये उन्हें कंफर्म बर्थ के साथ यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-शालीमार-नेताजी सुभाष चंद्र बोस(इतवारी) के मध्य 3-3 फेरों के लिये स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 08871 नेताजी सुभाष चंद्र बोस(इतवारी)–शालीमार स्पेशल, नेताजी सुभाष चंद्र बोस(इतवारी) से दिनांक 26 जनवरी तथा 2 व 9 फरवरी को प्रत्येक सोमवार तथा गाड़ी संख्या 08872 शालीमार-नेताजी सुभाष चंद्र बोस(इतवारी) स्पेशल ट्रेन शालीमार से 27 जनवरी तथा 3 व 10 फरवरी प्रत्येक मंगलवार को चलेगी। इस गाड़ी का वाणिज्यिक ठहराव दोनों दिशाओं में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के गोंदिया, डोंगरगढ़, राजनादगाँव, दुर्ग, रायपुर, भाटापारा, बिलासपुर, चांपा एवं रायगढ़ स्टेशनों में दिया गया है। गाड़ी संख्या 08871 नेताजी सुभाष चंद्र बोस(इतवारी)-शालीमार स्पेशल ट्रेन नेताजी सुभाष चंद्र बोस(इतवारी) स्टेशन से दिनांक 26 जनवरी तथा 2 व 9 फरवरी प्रत्येक सोमवार को 17.10 बजे रवाना होगी। ट्रेन गोंदिया शाम 19 बजे पहुंचेगी। आगे डोंगरगढ़, राजनादगांव होते हुए रात करीब 21.40 बजे दुर्ग पहुंचेगी। रायपुर, भाटापारा, बिलासपुर, चांपा, रायगढ़, झारसुगुड़ा, राऊरकेला, चक्रधरपुर, टाटानगर, खड़गपुर, सांतरागाछी होते हुए मंगलवार को दोपहर 14 बजे शालीमार स्टेशन पहुंचेगी।

# पांच जगहों पर वाहन की चोरी करने वाला शातिर चोर पकड़ाया, भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

थाना जामुल पुलिस और एसीसीयू की संयुक्त टीम ने एक शातिर दो पहिया वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अलग-अलग क्षेत्रों से चोरी किए गए 5 वाहन बरामद किए हैं।

जानकारी के अनुसार मामला 17 जून 2025 का है। हाउसिंग बोर्ड भिलाई निवासी सोनू यादव ने थाना जामुल में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी स्कूटी एक्टिवा घर के सामने से चोरी हो गई। इस पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू की थी। जांच के दौरान 22 जनवरी 2026 को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक तिरंगा चौक, छावनी के पास चोरी की स्कूटी और मोटरसाइकिल बेचने की फिराक में खड़ा है। सूचना मिलते ही जामुल पुलिस और एसीसीयू की टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर संदेही को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम प्रद्युम महाराणा, उम्र 27 वर्ष, निवासी न्यू खुर्सीपार बताया। आरोपी ने भिलाई, पलारी, डोंगरगढ़ और नागपुर जैसे क्षेत्रों से दो-पहिया वाहन चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 3 मोटरसाइकिल और 2 स्कूटी बरामद की हैं, जिनकी कुल अनुमानित कीमत करीब 2 लाख 50 हजार रुपये बताई जा रही है। बरामद वाहनों को विधिवत जप्त कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर केंद्रीय जेल दुर्ग भेज दिया है।




## खबर संक्षेप

### संगीतमय श्रीराम कथा भोथली में आज से

**अंडा।** बसंत पंचमी पर ग्राम भोथली में तीन दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन 23 जनवरी से किया जा रहा है। यह आयोजन जय भारत मानस परिवार, जय भारत सरस्वती उत्सव समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न होगा। इस पावन अवसर पर कथा वाचन यामिनी देवी साहू, बागबाहरा (महामंडलेश्वर) के श्रीमुख से होगा। श्रीराम कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को भक्ति, संस्कृति एवं आदर्श जीवन मूल्यों का संदेश मिलेगा। 25 जनवरी तक चलने वाले इस आयोजन में कथा सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक एवं दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक सरस्वती मंदिर प्रांगण, ग्राम भोथली, पोस्ट तिरगा में होगी।



### भागवत कथा के समापन पर निकाली शोभायात्रा



**पाटन।** ग्राम बठेना में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का समापन धार्मिक और भक्तिमय वातावरण में हुआ। इस अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें कथा वाचक पंडित वासु मोहन दुबे के सान्निध्य में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शोभायात्रा गांव की प्रमुख गलियों से होकर निकाली गई, शोभायात्रा में ग्रामीण सुनील वर्मा सहपरिवार शामिल हुए तथा बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु मौजूद रहे।

## निधन

### खलीला बेगम

**भिलाई।** वरिष्ठ ग़ज़लकार और भिलाई स्टील प्लांट से सेवानिवृत्त रियाज खान गौहर की अम्मी खलीला बेगम (95) गुरुवार की शाम करीब 4 बजे इंतकाल हो गया। उन्हें शुक्रवार 23 जनवरी को दोपहर 2 बजे रामनगर मुस्लिम कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक किया जाएगा।



### शारदा गुप्ता

**भिलाई।** ईडब्लूएस 5 वैशाली नगर निवासी शारदा गुप्ता पति स्वर्गीय आरए प्रसाद गुप्ता का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 23 जनवरी को दोपहर 12 बजे रामनगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे हरेंद्र गुप्ता, वीरेंद्र गुप्ता और सुरेंद्र गुप्ता की मां थी।



### विनोद बी प्रसाद

**भिलाई।** विनोद बी प्रसाद का निधन 22 जनवरी को गया है। उनकी अंतिम यात्रा 23 जनवरी को दोपहर 12 बजे नेहरू नगर, बटालियान कब्रिस्तान (ग्रेवयार्ड) के लिए निकलेगी।



### पं. सज्जन लाल दीक्षित

**भिलाई।** पंडित सज्जन लाल दीक्षित 79 वर्ष का निधन 21 जनवरी को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 22 जनवरी को रामनगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे पंडित रविशंकर दीक्षित के बड़े भाई, अर्चना पांडे, अंजु शुक्ला, अंजलि पांडे एवं आशीष दीक्षित के पिता और गर्वित के दादा थे।



### सियादेवी दुबे

**भिलाई।** खुर्सीपार जोन 3, सड़क नंबर 2 क्वार्टर नंबर 14 एफ निवासी सियादेवी दुबे का निधन 22 जनवरी को हो गया है। वे वरिष्ठ इंटक नेता आरसी दुबे की पत्नी, रजत दुबे, हरिओम दुबे की मां एवं कांग्रेस नेता राधारमण चौबे की सास थीं। उनकी अंतिम यात्रा 23 जनवरी को दोपहर 12 बजे खुर्सीपार स्थित निवास स्थान से रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे अपने पीछे 2 पुत्रों एवं 3 पुत्रियों का भरपूरा परिवार छोड़ गईं हैं।



---

ग्राम करगाडीह, बोरिगारका व घुघसीडीह में कांग्रेस पार्टी का जन चौपाल

# मनरेगा बहाली तक आंदोलन रहेगा जारी, कांग्रेसियों ने जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम करगाडीह, बोरिगारका एवं घुघसीडीह में कांग्रेस पार्टी द्वारा जन चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों को मनरेगा के अधिकार, रोजगार की अनिवार्यता और भाजपा सरकार द्वारा मनरेगा को कमजोर किए जाने के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया।

इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व केबिनेट मंत्री ताम्रध्वज साहू, जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण के जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर, मनरेगा बचाओ संग्राम के दुर्ग जिला प्रभारी राजेन्द्र साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, मजदूर साथी एवं वरिष्ठ कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

चौपाल को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि मनरेगा गरीब, मजदूर और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, लेकिन भाजपा सरकार की नीतियों के चलते मनरेगा को बंद किया जा रहा है। मजदूरों को समय पर काम नहीं मिल रहा है, जिससे ग्रामीण परिवारों का जीवन संकट में है।

**मनरेगा बचाओ संग्राम को समर्थन देने का लिया संकल्प**



जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जब तक मनरेगा को पूरी तरह पुनः बहाल नहीं किया जाता और मजदूरों को उनका हक नहीं मिलता, तब तक कांग्रेस की यह लड़ाई जारी रहेगी।उन्होंने ग्राम करगाडीह में स्वयं मजदूर बनकर मनरेगा के कार्य में हिस्सा लेकर यह संदेश दिया कि कांग्रेस सिर्फ बातों में नहीं, बल्कि जमीन पर मजदूरों के साथ खड़ी है।

मनरेगा बचाओ संग्राम जिला प्रभारी राजेन्द्र साहू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी मनरेगा को बचाने के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी और जरूरत पड़ी तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों ने एक स्वर में मनरेगा बचाओ संग्राम को समर्थन देने का संकल्प लिया।

इस दौरान राकेश हिरवानी, योगिता चंद्राकर, घनश्याम गजपाल, जामवंत गजपाल, प्रहलाद वर्मा, धर्मेंद्र बंजारे, उमा रिगरी, कमलेश गजपाल, पुष्पा साहू, चुम्मन यादव, चुन्नीलाल चंद्राकर, खिलेंद्र मांडले, राकेश साहू, हितेश निर्मलकर, ओम ओझा, मनोहर साहू, अरुण वर्मा, गोवर्धन बारले, गजेंद्र वर्मा, अंकालू राम बंजारे और सुरता सिंह गढ़े सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व कांग्रेसजन मौजूद रहे।

## मिनी स्टेडियम निर्माण में अनियमितता का लगाया आरोप, उठी जांच की मांग




हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

■ बरहापुर पंचायत का मामला, एसडीएम धमधा को सौंपी गई लिखित शिकायत

ग्राम पंचायत बरहापुर में स्वीकृत मिनी स्टेडियम निर्माण में अनियमितता का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की गई है। शिकायत पत्र में नामजद अधिकारियों पर स्पष्ट आरोप लगाए गए हैं। जिसमें नाम सहित कथित तौर पर दी गई राशि का भी ब्यौरा है। इस संबंध में पूर्व सरपंच छत्रपाल चंदेल सहित मजदूरों का आरोप है कि कमीशन की रकम लेने के बाद भी न तो कार्य को गति मिली और न ही संपूर्ण भुगतान किया गया, जिससे पीड़ित पक्ष को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। पूरे मामले से परेशान पीड़ित पक्ष और मजदूर वर्ग ने सभी तथ्यों और आरोपों के साथ अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) धमधा को लिखित शिकायत सौंपते हुए निष्पक्ष जांच, दोषी अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई और लंबित भुगतान तत्काल दिलाने की मांग की है।

## परमेश्वरी जयंती व बसंत पंचमी मनाएंगे आज

**भिलाई।** केम्प 2, भिलाई के ब्लाक देवांगन समाज भिलाई नगर में मां परमेश्वरी जयंती व बसंत पंचमी 23 जनवरी को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथ विधायक रिकेश सेन होंगे। कार्यक्रम में माता सेवा जस गीत सुबह 8 बजे से एवं कलश शोभा यात्रा सुबह 9.30 बजे से किया जाएगा। मुख्य अतिथि का स्वागत व उद्बोधन दोपहर 1 बजे होगा। वहीं बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक तत्पश्चात भोजन प्रसादी का कार्यक्रम होगा। यह जानकारी ब्लाक देवांगन समाज भिलाई नगर अध्यक्ष सोहन लाल देवांगन ने दी।

## वार्षिकोत्सव में आत्मनिर्भरता का संदेश दिया पद्मश्री फुलबासन ने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंजोरा



प्राथमिक शाला सिलोदा में शाला वार्षिकोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पद्मश्री फुलबासन यादव ने शिरकत की और बच्चों को शिक्षा, प्रकृति संरक्षण, और आत्मनिर्भरता के महत्व के बारे में प्रेरित किया।

कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों की रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति से हुई, जिसने जनसमुदाय का मन मोह लिया। पद्मश्री फुलबासन यादव ने अपने भाषण में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और प्रकृति संरक्षण के महत्व पर जोर दिया। इस अवसर पर बुध राम रावत, समिति अध्यक्ष कौशल ठाकुर, गणेश यादव, और अन्य गणमान्य व्यक्तियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में सरपंच अनुसुइया साहू, जनपद सदस्य नंद कुमार साहू, और पूर्व सरपंच संघ अध्यक्ष रिवेन्यू यादव भी उपस्थित थे। प्रधानाध्यापिका साहू ने बताया कि यह आयोजन बुध राम रावत की मेहनत और आयोजन का फल है। सभी अतिथियों ने बुध राम रावत की प्रशंसा की और शुभकामनाएं दी।

## निषाद समाज के लोगों ने ली भाजपा की सदस्यता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

ग्राम खम्हरिया में भक्त शिरोमणि निषाद राज गुहा जयंती धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने भगवान श्रीरामचंद्र निषाद राज गुहा की पूजा अर्चना कर प्रदेश वासियों की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। विधायक ने समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान भी किया।

■ विधायक ललित ने पार्टी का गमछा पहनाकर किया अभिनंदन



कार्यक्रम में निषाद समाज के लोग भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रवादी विचारधारा, जनकल्याणकारी योजनाओं और विकासोन्मुखी नीतियों से प्रभावित होकर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर के समक्ष भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा में सम्मिलित होने वाले सभी नवप्रवेशी साथियों को विधायक ललित चंद्राकर ने भारतीय जनता पार्टी गमछा पहनाकर अभिनंदन किया। विधायक ललित चन्द्राकर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सदैव समाज के प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर सेवा, सुशासन और विकास के संकल्प के साथ आगे बढ़ती रही है। आप सभी का यह निर्णय निश्चित रूप से क्षेत्रीय विकास और सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। सभी नवप्रवेशी साथियों के उज्ज्वल राजनीतिक और सामाजिक योगदान की कामना। सदस्यता ग्रहण करने वालों में लोकेश निषाद, प्रीतम निषाद, विनय निषाद, योगराज निषाद, महेश्वर निषाद, बिरनी निषाद, मोनू निषाद, महेश्वर निषाद, यशवंत निषाद, राम सिंह निषाद, कमल निषाद, इंद्रजीत निषाद, करण निषाद, निखिल निषाद आदि शामिल हैं।

## राष्ट्रीय परेड में आमंत्रित की गईं सरपंच निषाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

26 जनवरी को नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस परेड में बसंती निषाद को विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए चयनित किया गया है। यह चयन भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय द्वारा किया गया है और इसे पंचायत संचालनालय, छत्तीसगढ़, नवा रायपुर के माध्यम से सुनिश्चित किया गया है। बसंती निषाद दुर्ग जिले के ग्राम झोला (पोस्ट तिरगा, ) की निवासी हैं। 33 वर्षीय बसंती निषाद ने मार्च 2025 में प्रथम बार सरपंच पद संभाला है। सरपंच पदभार संभालते ही उन्होंने ग्राम पंचायत झोला के बच्चों को स्कूल में प्रवेश दिलाने, गांव में स्वच्छता बनाए रखने, कुपोषण मुक्त क्षेत्र बनाने और बाल विवाह पर रोकथाम जैसे महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। इसके अलावा, उन्होंने गांव की गलियों और सड़कों में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की और संपूर्ण ग्राम की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया। इन उपलब्धियों के कारण उन्हें राष्ट्रीय परेड में विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया।



## 3 करोड़ की लागत से सुपेला अस्पताल में बनी नई ओपीडी का रिकेश सेन ने किया उद्घाटन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

गुरुवार को लाल बहादुर अस्पताल सुपेला में नव निर्मित ओपीडी भवन का लोकार्पण मुख्य अतिथि विधायक वैशाली नगर एवं जीवन दीप समिति सुपेला के अध्यक्ष रिकेश सेन ने किया। इस दौरान सीएमएचओ डॉ. मनोज दानी, सिविल सर्जन डॉ. आशीषण मिंज, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. पीयम सिंह सहित अन्य मौजूद थे। बीजेपी जिला महामंत्री मनीष अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष चन्ना केशवल्लु, जिला उपाध्यक्ष एवं जीवन दीप समिति के मनोनीत सदस्य त्रिलोचल सिंह, कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह, जगदीश सिंह, विवेक सेन सहित अन्य मौजूद थे। इस ओपीडी के निर्माण में करीब 3 करोड़ रुपए की लागत आई है। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. पीयम सिंह ने बताया कि इस नए ओपीडी के शुरू होने से अस्पताल में भीड़ से राहत मिलेगी। यहां कुल 11 कमरे है जहां विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा मरीजों का इलाज किया जाएगा।

## वार्ड-67 में स्थानीय नागरिकों के सहयोग से की सफाई

■ भाजपा कार्यकर्ताओं ने चलाया सफाई अभियान, बदबू और मच्छरों से मिली राहत

**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी, वार्ड–67 के तत्वावधान में बुधवार को भिलाई नगर रेलवे स्टेशन महाराणा प्रताप भवन के सामने सेक्टर-7 में गंदगी से पट चुकी नाली की विशेष सफाई की गई। यह स्वच्छता अभियान भाजपा बूथ अध्यक्ष राजा सोनानी के नेतृत्व तथा सह मीडिया प्रभारी सुजीत सोनवानी की उपस्थिति में चलाया गया।

उल्लेखनीय है कि क्षेत्र में लंबे समय से नाली में जमी गंदगी, कीचड़ एवं कचरे के कारण स्थानीय नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। सफाई अभियान के दौरान नाली से जमा कचरा निकालकर उसका उचित निस्तारण किया गया, जिससे जल निकासी सुचारु हुई और दुर्गंध व मच्छरों से राहत मिली।

इस अवसर पर बूथ अध्यक्ष राजा सोनानी ने कहा कि गंदगी और अवरुद्ध नालियों के कारण बीमारी फैलने का खतरा बना रहता है। भाजपा का उद्देश्य है कि वार्ड–67 के प्रत्येक क्षेत्र में साफ-सफाई एवं मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता दी जाए। सह मीडिया प्रभारी सुजीत सोनवानी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा आगे भी वार्ड–67 में जनसमस्याओं को लेकर ऐसे अभियान निरंतर चलाए जाएंगे तथा प्रशासन का ध्यान समस्याओं की ओर आकर्षित किया जाएगा। इस सफाई अभियान में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने सहयोग कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## स्वास्थ्य केंद्र उतई में तीन माह से वेतन नहीं, नाराजगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उतई के जीवन दीप समिति के सदस्यों ने उतई सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उतई का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मरीजों से स्वास्थ्य सम्बन्धित जानकारी दवाई की उपलब्धता , साफ सफाई जीवन दीप समिति के कर्मचारी का 3 माह से वेतन नहीं मिलने की भी जानकारी प्राप्त हुई । जिस पर प्रभारी डॉक्टर नरेन्द्र गोलेन ने जानकारी दी कि ट्रेज़री में जरूरी दस्तावेज भेज दिए गए हैं और हफ्ते भर में वेतन आने की संभावना है। इस दौरान साफ सफाई पर ध्यान देने के लिए प्रभारी डॉक्टर को निर्देश दिया गया। मरीजों को त्वरित सुविधा उपलब्ध कराने की बात समिति के सदस्यों द्वारा कहा गया। बैठक में प्रमुख रूप से सरस्वती नरेन्द्र साहू नगर पंचायत अध्यक्ष उतई, लक्ष्मीनारायण साहू सभापति स्वस्थ समिति अध्यक्ष, हरीश यादव कार्यकरिणी सदस्य और रंजना चन्द्राकार कार्यकारिणी सदस्य की उपस्थिति रही।

रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन

## सड़क सुरक्षा के लिए किया जागरूक, रक्तवीरों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

राजीव लोचन आयुर्वेदिक महाविद्यालय, चन्द्रखुरी में मानव अधिकार संगठन एवं रेड ड्रॉप के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में महाविद्यालय के 85 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। रक्तदान करने वाले सभी रक्तवीरों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए हेलमेट भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान यातायात सुरक्षा को लेकर विशेष संदेश दिया गया। रक्तदान पश्चात सभी रक्तदाताओं ने स्वयं एवं समाज में सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने का संकल्प लिया। मानव अधिकार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेंद्र हशवानी एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जे. सूफी रूमी ने बताया कि रक्तदान के साथ-साथ युवाओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना इस शिविर का मुख्य उद्देश्य रहा। इस अवसर पर राजीव लोचन आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं अस्पताल, दुर्ग के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. राजीव साहू, डायरेक्टर प्रभा साहू, मेडिकल सुपरिंटेंडेंट वंदना फटिंग, कंसलटेंट फिजिशियन डॉ. उन्नयन राज साहू, प्रोग्राम इंचार्ज डॉ. रेणुका साहू एवं प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर डॉ. रविशंकर साहू का विशेष सहयोग रहा। शिविर में प्रमुख रूप से यातायात पुलिस निरीक्षक तापेश्वर नेताम, आरक्षक यामन दास महिलांगे एवं तिलक साहू उपस्थित रहे। इसके अलावा जितेंद्र वर्मा (प्रदेश महामंत्री भाजपा), डॉ. सुनील साहू (प्रदेश संगठन सचिव साहू समाज), मुकेश चंद्राकर (जिला अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी), हीरा शंकर साहू (संगठन सचिव साहू मित्र सभा भिलाई), कबीर साहू (डायरेक्टर, सिग्मा फाउंडेशन), वाय. राजेंद्र राव (संरक्षक, रेड ड्रॉप), सूरज साहू (संयोजक, रेड ड्रॉप फ्रेंड्स क्लब छत्तीसगढ़), मोहन राव, डॉ. राखी श्रीवास्तव एवं मनोज राय सहित अनेक गणमान्यजन मौजूद रहे।



कार्यक्रम के दौरान आरक्षक तिलक साहू द्वारा छात्र-छात्राओं को यातायात सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। शपथ में सभी ने दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाने, वाहन चलाते समय नशा न करने तथा अपने मित्रों व परिवारजनों को भी यातायात नियमों के पालन हेतु प्रेरित करने का संकल्प लिया।

## श्रीराम मंदिर वर्षगांठ पर निकाली कलश यात्रा, ग्रामीणों में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की स्थापना की तृतीय वर्षगांठ के अवसर पर ग्राम फुंडा में भव्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं एवं श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कलश यात्रा पूरे गांव में भ्रमण करते हुए पूजा स्थल तक पहुंची।

आयोजन समिति के अनुसार 22 जनवरी को पांच कुंडीय यज्ञ का विधिवत आयोजन किया जाएगा। यज्ञ में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ आहुतियां दी जाएंगी और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की जाएगी। कार्यक्रम के समापन अवसर पर सायंकाल भंडारे का आयोजन किया गया है, जिसमें सभी श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। इसके अलावा भजन मंडली द्वारा भक्ति भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी, जिससे पूरा गांव भक्तिमय माहौल में सराबोर रहेगा। कार्यक्रम को लेकर ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है और आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी मिलकर सहयोग कर रहे हैं।



## लाइव इवेंट

### सरयूपारीण ब्राह्मण समाज दुर्ग ने किया वन भ्रमण, लिया यातायात सुरक्षा का संकल्प



**भिलाई।** दुर्ग जिला सरयूपारीण ब्राह्मण समाज द्वारा वन भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के सदस्यों ने विविध मनोरंजक गेम खेलकर यातायात नियमों का पालन करने का संदेश दिया। वन भ्रमण के दौरान समाज के सभी सदस्यों द्वारा सड़क दुर्घटना की बढ़ती घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता का संकल्प लिया।

भ्रमण के दौरान सदस्यो ने झलमला गंगा मैया मंदिर, दंतेश्वरी मैया, शक्कर कारखाना का भ्रमण कर समाज की महिलाओं को शक्कर बनने की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। सियादेही मंदिर प्रांगण में लोगों को सड़क सुरक्षा पर जागरूकता का संदेश देते हुये उपस्थित लोगों को दोपहिया वाहन चलाने पर हेलमेट, चार पहिया वाहन चलाने पर सीटबेल्ट अनिवार्य रूप से उपयोग करने का अनुरोध किया। साथ ही यातायात में दुर्घटना होने पर बैंकों और शासन से मिलने वाली आर्थिक सहायता, इलाज पर मिलने वाली लाखों रुपए की सुविधा के संबंध में भी जानकारी दी गई। इस सामाजिक भ्रमण में मुख्य रूप से रामविशाल शर्मा, सुमन पाण्डेय, कमल नारायण शर्मा, अपर्णा चौबे, शैल शुक्ला, कमलेश तिवारी, राजेंद्र दुबे, आशा शुक्ला, प्रदीप पाण्डेय ने अपने विचार व्यक्त करते हुए लोगो को यातायात नियमों का पालन करने अनुरोध किया। इस दौरान मनोरंजक और ज्ञानवर्धक गेम के विजेता इंदु, सुधीर दुबे, सतीश शर्मा, देवनारायण शुक्ला, अमितेश तिवारी, मुकेश दीवान, विनोद पाण्डेय, हिमांशु द्विवेदी, संगीता उपाध्याय, गीतांजलि तिवारी, दुर्गेश नंदनी दुबे, कल्पना जोशी, वंदना सहित अन्य सदस्यों ने भी गेम्स में भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन राजेंद्र दुबे ने किया।

## सिटी इवेंट

### हिंसा छोड़ो कला से नाता जोड़ो चला रहे आंदोलन, ग्राम भोथीखुर्द में दिया कला का प्रशिक्षण




**भिलाई।** ट्विनसिटी के मूर्तिकार डॉ. अंकुश देवांगन के दुनिया की सबसे छोटी मूर्तियों की निशुल्क प्रदर्शनी ग्राम भोथीपार खुर्द राजनांदगांव के माध्यमिक विद्यालय में लगाई गई। इस दौरान उनके द्वारा बच्चों को चित्रकला का प्रशिक्षण और कला सामग्री का वितरण किया गया। अंकुश देवांगन छत्तीसगढ़ के धुर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में लगभग 36 वर्षों से हिंसा छोड़ो कला से नाता जोड़ो आंदोलन चला रहे हैं, ताकि बच्चे सृजनशील बनें और हिंसा के क्षेत्र में न जाएं। भोथीपार खुर्द माध्यमिक विद्यालय में संयोजक सचिन निषाद के नेतृत्व में अंकुश देवांगन और मॉडर्न आर्ट चित्रकार डी.एस. विद्यार्थी के पेंटिंग प्रदर्शित किए गए। प्रधानपाठक सुषमा मेश्राम ने इस विश्वस्तरीय कलाओं को उनके दूरस्थ ग्राम में प्रदर्शित करने के लिए कलाकार का आभार व्यक्त किया। इस दौरान अंकुश देवांगन ने स्कूली विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे किसी न किसी कला में जरूर निपुण हों ताकि आज के तनाव भरे जीवन में सुकून के दो पल प्राप्त कर सकें। उन्होंने जानकारी दी कि आज संयुक्त राष्ट्रसंघ, शिक्षाविद तथा बड़े-बड़े वैज्ञानिक भी मानते हैं कि दुनिया के सभी बच्चों को किसी न किसी कला को जरूर सीखना चाहिए। अंकुश देवांगन ने मिनटों में बच्चों के हूबहू तस्वीर बनाकर सभा को चमत्कृत कर दिया। वे ललित कला अकादमी, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ से प्रथम बोर्ड मेंबर बने हैं। कार्यक्रम के दौरान प्रधान पाठक हुमन सिंह ठाकुर, शिक्षिका दया साहू, सुविलास चंद्राकर, सुजात बोरकर, सोनम रामटेके उपस्थित थे।



### डॉ. उदय सम्मानित हुए राज्यपाल के हाथों

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ने कला मंदिर में आयोजित स्वच्छता वीर सम्मान समारोह में इस्पात नगरी भिलाई के सेवाभावी चिकित्सक डॉ. उदय कुमार को सम्मानित किया। राज्यपाल रमेन डेका ने इस कार्यक्रम में स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत भिलाई नगर को स्वच्छ बनाये रखने में अपना अमूल्य योगदान देने वाले 55 स्वच्छता वीरों को महात्मा गांधी का छायाचित्र, प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। इनमें डॉ. उदय भी शामिल हैं। समारोह में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडेय, वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन और दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव भी शामिल हुए। डॉ. उदय भिलाई स्टील प्लांट के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग के अंतर्गत जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र सेक्टर-9 की बर्न यूनिट के प्रभारी है। समाज के दलित और वंचित समुदाय की बेहतरी के लिए वह लगातार कार्य कर रहे हैं। जिसमें उनका इस समुदाय की चिकित्सा और शिक्षा पर विशेष जोर है। वहीं डॉ. उदय आसपास के परिवेश को स्वच्छ बनाए रखने जागरुकता मुहिम का हिस्सा भी हैं।

● भारती विश्वविद्यालय मे हर्षोल्लास से मनाया गया वार्षिकोत्सव, सांसद विजय बघेल

# आनंदम 2026 में बिखरा उल्लास, 216 प्रतिभावान हुए पुरस्कृत, ऑपरेशन सिंदूर और कठपुतली नाट्य में बेटी बचाव का दिया संदेश

भिलाई। भारती विश्वविद्यालय दुर्ग में वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह 'आनंदम 2026' का आयोजन हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 216 से अधिक मेधावी विद्यार्थियों, खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं तथा 40 से अधिक प्राध्यापकों को मुख्य अतिथि के द्वारा पुरस्कृत किया गया। आयोजन में विद्यार्थियों दवरा एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई। जिसमें आपरेशन सिंदूर और कठपुतली दवरा बेटी बचाव का संदेश दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि दुर्ग सांसद विजय बघेल दवरा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। स्वागत भाषण विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. वीरेंद्र कुमार स्वर्णकार ने दिया। कुलपति प्रो. डॉ. बी. एन. तिवारी ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को सतत परिश्रम, अनुशासन एवं सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।



### विद्यार्थी स्वयं को सशक्त और अनुशासित बनाएं

महाविद्यालय कुलाधिपति सुशील चंद्राकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम बढ़िया तो सब बढ़िया। यदि विद्यार्थी स्वयं को सशक्त, अनुशासित और लक्ष्य के प्रति समर्पित बनाते हैं तो समाज और राष्ट्र स्वतः सशक्त हो जाते हैं। उन्होंने छत्तीसगढ़ी कहावत "जऊन हाथ म हुनर रहिथे, ओ हाथ कभू खाली नई रहय, सीखत रहव, मेहनत करत रहव" का उदाहरण भी दिया। इस अवसर पर शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 216 से अधिक मेधावी विद्यार्थियों, खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं तथा 40 से अधिक प्राध्यापकों को मुख्य अतिथि के द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा मनमोहक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिसमें विभिन्न राज्यों की नृत्य और कठपुतली के माध्यम से बेटी बचाओ तथा आपरेशन सिन्दूर पर प्रस्तुतियां विशेष रूप से सराही गई। कार्यक्रम का समापन विश्वविद्यालय के डायरेक्टर डॉ घनश्याम साहू के द्वारा उपस्थित जनों का आभार व्यक्त कर किया गया।

### देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं

भारती विश्वविद्यालय दुर्ग में वार्षिक उत्सव को संबोधित करते हुए सांसद विजय बघेल ने अपने कॉलेज के दिनों को याद करते हुए विद्यार्थी जीवन में ऐसे आयोजन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं तथा उन्हें जीवन में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रेरित करते हैं, साथ ही शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण, नैतिक मूल्यों एवं राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। उन्होंने विद्यार्थियों से आव्हान किया कि वे शिक्षा को हथियार बना समाज एवं देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं।



### यह रहे उपस्थित

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी, शिक्षक और गणमान्य नागरिक के साथ भारती समूह की संयुक्त प्रबंध निदेशक शालिनी चंद्राकर, जय चन्द्राकर, डॉ. दिशा चंद्राकर, विश्वविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. आर पी अग्रवाल, चुन्नीलाल चंद्राकर, रजनीश चंद्राकर, डीन अकादमिक डॉ. आलोक भट्ट, डॉ. ए. के. दुबे, डॉ. मानस रंजन होता, डॉ. विद्यावती चंद्राकर, डॉ. स्वाति पांडे विशेष रूप से उपस्थित रहे। मंच संचालन श्रुति राव, प्रिंस राव, प्रिया और कोनाल सेन ने किया। कार्यक्रम के आयोजन मे डॉ. चंद्रिका अहिरवार, डॉ. नीतू श्रीवास्तव और डॉ. तनुजा चंद्राकर के साथ ही साथ स्टाफ और सभी शिक्षकों की विशेष भूमिका रही।



## साहित्यकार वीरेंद्र व राजेंद्र की साहित्यकारों ने दी श्रद्धांजलि



**भिलाई।** प्रसिद्ध आलोकचक और राष्ट्रीय प्रगतिशील लेखक संघ के अध्यक्ष मंडल के सदस्य वीरेंद्र यादव के आकस्मिक निधन पर छत्तीसगढ़ प्रगतिशील लेखक संघ भिलाई दुर्ग ,जन संस्कृति मंच और जनवादी लेखकं संघ के तत्वावधान में शोकसभा का आयोजन किया गया। प्रो. सियाराम शर्मा के इस्पात नगर निवास में हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्राचार्य डां. कोमल सिंह शारवा ने की।

डां. शार्वा ने कहा कि जब सत्ता साहित्य का राजनीतिकरण करने में तुली हुई है ऐसे समय हमारे निर्भीक आलोचक वीरेंद्र यादव और संवेदनशील कवि राजेन्द्र कुमार का जाना बेहद चिंतनीय है। दोनों ने बड़े रचनाकार थे । प्रो.सियाराम शर्मा ने कहा किवीरेंद्र यादव जी मूलतः उपन्यास के बड़े आलोचक थे साहित्य में सत्ता कैसे अभिव्यक्त होती है, इसे उकेरने की उन्होने बेबाक कोशिश की । कवि राजेन्द्र कुमार नामवर सिंह ,केदार नाथ सिंह की परम्परा के साहित्यकार थे । कथाकार लोकबाबू ने कहा साहित्य में प्रेम का विषय है तो प्रेम में सच्चाई की कठोरता होनी ही चाहिए

वीरेंद्र यादव ने इसी कठोरता से साहसिक आलोचना की । राजेन्द्र कुमार अच्छे शिक्षक और गहरी संवेदना के कवि थे ।

कवि परमेश्वर वैष्णव, अंजन कुमार और विनोद सोनी और कमलेश वर्मा ने भी दोनों कवियों को वैज्ञानिक चेतना संपन्न साहित्यकार बताया। कार्यक्रम का संचालन छत्तीसगढ़ प्रगतिशील लेखक संघ भिलाई दुर्ग के अध्यक्ष श्र वैष्णव ने किया ।

## डायरेक्टर इंचार्ज ट्राफी इंटर एलुमनी टेनिस बॉल क्रिकेट

### आईआईटी बीएचयू की टीम ने जीईसी जबलपुर को 69 रनों से मात दी

**भिलाई।** ऑफिसर्स एसोसिएशन व एससी एंड सीए के तत्वावधान में भिलाई स्टेडियम सेक्टर 1 मे चल रही डायरेक्टर इंचार्ज ट्राफी इंटर एलुमनी टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के पहले मैच मे सीआईसीए की टीम व दूसरे मैच में आईआईटी बीएचयू ने को हराया। सीआईसीए एवं आरजीपीवी की टीम के बीच हुए मैच मे सीआईसीए ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। अपने निर्धारित ओवर में सीआईसीए की टीम ने 6 विकेट खोकर 80 रन बनाए। जवाब में आरजीपीवी की टीम ने बल्लेबाजी करते हुए 10.5 ओवर में ही 43 रन बनाकर आलआउट हो गयी। सीआईसीए की टीम ने 3 ओवरों में 10 रन देकर 3 विकेट लिए। सीआईसीए की टीम ने 37 रनों से शानदार जीत दर्ज की। सीआईसीए के कपिल नायडू मैन ऑफ द मैच रहे। मैन आफ द मैच की ट्राफी पूर्व सीजीएम आर के श्रीवास्वत द्वारा कपिल नायडू को प्रदान किया गया। इस मैच के को-आडिनेटर अलंकार भिवगड़े एवं विवेक सिंह चौहान थे।

■ सीआईसीए ने आरजीपीवी की टीम को 37 रनों से हराया



### बीएचयू ने किया श्रेष्ठ प्रदर्शन

दूसरा मैच आईआईटी बीएचयू एवं जीईसी जबलपुर की टीमों के मध्य खेला गया। आईआईटी बीएचयू ने 12 ओवर में आईआईटी बीएचयू की टीम ने 5 विकेट खोकर 116 रन बनाए। जीईसी जबलपुर की ओर से रविकुमार ने 3 ओवर में 22 रन देकर 2 बहुमूल्य विकेट झटके। जवाब में जीईसी जबलपुर 6 विकेट खोकर 47 रन ही बना सकी। आईआईटी बीएचयू की टीम ने 69 रन से मैच जीता। आईआईटी बीएचयू के संदीप मैन ऑफ द मैच रहे। मैन आफ द मैच की ट्राफी पूर्व ओए जोनल प्रतिनिधि श्रवण शुक्ला द्वारा संदीप को प्रदान किया गया। इस मैच के को-आडिनेटर श्रवण शुक्ला एवं संतोष कुमार सिंह थे। इन मैचों के एम्पायर - आनंद करालकर एवं जयप्रकाश आर्या, संदीप वर्मा, अमित हरपाल तथा स्कोरर विनोद देवघरे एवं परितेश राव थे तथा कमेंट्रेटर अभय मोहरिल व पिच क्यूरेटर एवं ग्राउंड कोआर्डिनेटर आजाद अहमद रहे।

## सिविक सेंटर में हथकरघा प्रदर्शनी का आयोजन

# झांसी के मखमली बेडशीट, भागलपुरी सिल्क साड़ी और जूट के एंटीक शो पीस कर रहे आकर्षित, स्वदेशी शिल्प महोत्सव में दिखा उत्साह

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** सिविक सेंटर वेल्डेक्स ग्राउंड भिलाई में स्वदेशी शिल्प महोत्सव हथकरघा प्रदर्शनी का आयोजन सुबह 11 बजे से रात 10 बजे तक किया गया है। प्रदर्शनी में भारत के सभी राज्यों के प्रसिद्ध बुनकरों द्वारा तराशी गई वस्तुओं की अनुपम संग्रह प्रदर्शनी में पिलखुआ उत्तर प्रदेश के बेडशीट, झांसी के मखमली बेडशीट, सहारनपुर के फर्नीचर, गिफ्ट आइटम्स, जूट बैग, खादी गमछे, मेरठ के खादी, बनारसी सिल्क साड़ी, पशमीना सिल्क साड़ी, भागलपुरी सिल्क साड़ी, साउथ कॉटन साड़ी और जुट बैग मुख्य आकर्षण का केंद्र बने हुए हुए है। जिसमें हर राज्यों से आए हुए बुनकर अपनी-अपनी शिल्प कलाओं का उत्पाद लगाए गए है, जिसे खरीदने लोग पहुंच रहे है।

### वैरायटीयों का विशाल संग्रह

खारीददारों का कहना है कि हर साल लगने वाले इस शिल्प महोत्सव का बेसब्री से इंतजार रहता है। जहां विभिन्न प्रदेशों से आए लोग काफी उचित और किफायती दामों पर समानों को बेचते है। जिससे हमें भिलाई में ही अन्य प्रदेशों की एंटिक सामान मिल जाते है। इस समय हस्तशिल्प एवं हथकरघा वस्तुओं पर 10 से लेकर 20 प्रतिशत तक की विशेष छूट दी जा रही है। प्रदर्शनी में पिलखुआ उत्तर प्रदेश के बेडशीट, झांसी के मखमली बेडशीट, सहारनपुर के फर्नीचर, गिफ्ट आइटम्स, जूट बैग, खादी गमछे, मेरठ के खादी, बनारसी सिल्क साड़ी, पशमीना सिल्क साड़ी, भागलपुरी सिल्क साड़ी, साउथ कॉटन साड़ी और जुट बैग, कंज्यूमर एवं हेल्थ प्रोडक्ट्स, मुंबई के प्रसिद्ध कुर्ती मुख्य आकर्षण बने हुए है , साथ ही अचार, नमकीन, पापड़, जयपुरी मुखवास, इमिटेशन ज्वेलरी, मुम्बईया फैंसी चप्पलें, गर्मियों के लिए शानदार नाइटी ड्रेस, पानीपत के कॉटन मोजे, इसके अलावा तकरीबन 70 हजार से अधिक वैरायटीयों का विशाल संग्रह एक ही छत के नीचे मिल रहा है।








# बसंत पंचमी: ज्ञान, संगीत और नवचेतना का पावन पर्व

बसंत पंचमी पर विशेष

भारत की सांस्कृतिक परंपराओं में बसंत पंचमी का विशेष स्थान है। यह पर्व न केवल ऋतु परिवर्तन का संकेत देता है, बल्कि जीवन में नई ऊर्जा, उल्लास और सृजनशीलता का संदेश भी देता है। माघ शुक्ल पंचमी को मनाया जाने वाला यह पर्व विद्या, बुद्धि, कला और संगीत की देवी माँ सरस्वती को समर्पित है। बसंत पंचमी के आगमन के साथ ही प्रकृति मुस्कराने लगती है, खेतों में सरसों पीली चादर ओढ़ लेती है और मनुष्य के जीवन में आशा व उत्साह का संचार होता है।












## बसंत पंचमी का धार्मिक महत्व

हिंदू धर्म में बसंत पंचमी को माँ सरस्वती के प्राकट्य दिवस के रूप में मनाया जाता है। मान्यता है कि इसी दिन देवी सरस्वती ने संसार को ज्ञान, वाणी और विवेक का वरदान दिया। इस दिन विद्यार्थी, शिक्षक, लेखक, कलाकार और संगीतकार विशेष रूप से माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना करते हैं। पुस्तकों, कलम, वाद्य यंत्रों और शैक्षणिक सामग्री की पूजा कर ज्ञान प्राप्ति की कामना की जाती है।

### ऋतु परिवर्तन और प्रकृति का सौंदर्य

बसंत पंचमी शीत ऋतु के विदा होने और बसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक है। इस समय मौसम सुहावना हो जाता है, पेड़ों पर नई कोपलें फूटती हैं और फूलों की खुशबू वातावरण को महका देती है। खेतों में लहलहाती पीली सरसों बसंत के स्वागत का सुंदर दृश्य प्रस्तुत करती है। यही कारण है कि पीला रंग इस पर्व का प्रमुख प्रतीक माना जाता है।

### पीले रंग का विशेष महत्व

बसंत पंचमी पर पीले वस्त्र धारण करने और पीले रंग के पकवान बनाने की परंपरा है। पीला रंग ज्ञान, ऊर्जा, समृद्धि और सकारात्मकता का प्रतीक माना जाता है। केसर युक्त खीर, पीले चावल, बूंदी के लड्डू जैसे व्यंजन इस दिन विशेष रूप से बनाए जाते हैं। यह रंग जीवन में आशा और आनंद का संदेश देता है।

### शिक्षा और संस्कृति से जुड़ा पर्व

बसंत पंचमी को शिक्षा के क्षेत्र में विशेष महत्व प्राप्त है। कई स्थानों पर इस दिन बच्चों का विद्यारंभ संस्कार किया जाता है, जिसमें उन्हें पहली बार अक्षर ज्ञान कराया जाता है। विद्यालयों और शिक्षण संस्थानों में सरस्वती वंदना, सांस्कृतिक कार्यक्रम और शैक्षणिक आयोजन होते हैं, जो भारतीय संस्कृति की गहराई को दर्शाते हैं।

### सामाजिक और सांस्कृतिक परंपराएँ

भारत के विभिन्न राज्यों में बसंत पंचमी को अलग-अलग रूपों में मनाया जाता है। कहीं पतंग उड़ाने की परंपरा है तो कहीं लोकनृत्य और संगीत कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। यह पर्व समाज में आपसी सौहार्द, उल्लास और सांस्कृतिक एकता को मजबूत करता है।

### आधुनिक संदर्भ में बसंत पंचमी

आज के आधुनिक और तकनीकी युग में भी बसंत पंचमी का महत्व कम नहीं हुआ है। यह पर्व हमें याद दिलाता है कि भौतिक प्रगति के साथ-साथ ज्ञान, संस्कृति और नैतिक मूल्यों का संरक्षण भी आवश्यक है। बसंत पंचमी जीवन में सकारात्मक सोच, सृजनात्मकता और आत्मविकास की प्रेरणा देती है।







